# 4 आसान स्टेप्स में अपनी फिज़िकल सिम को eSIM में बदलें या जियो eSIM को एक डिवाइस से गूगल डिवाइस में ट्रांसफर करें

**कृपया ध्यान दें :**

**1.** जिस Jio नंबर को आप eSIM में एक्टिवेट करना चाहते है उस नंबर पर SMS भेजने और इनकमिंग कॉल की सेवाएं होना अनिवार्य है। अपनी iOS डिवाइस पर eSIM को एक्टिवेट करने के लिए सभी 4 स्टेप्स को पूरा करना ज़रूरी है। कृपया किसी भी स्टेप को छोड़ें या टालें नहीं

**2.** यदि आप भारत से बाहर अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में हैं, तो आपको eSIM अनुरोध के लिए +917021999199 पर SMS भेजना होगा। अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में +917021999199 पर SMS भेजने के लिए, आपके Jio नंबर पर SMS भेजने और इनकमिंग कॉल सेवाएँ होनी अनिवार्य है। कृपया ध्यान दे, SMS और इनकमिंग कॉल का शुल्क विजिटिंग देश के रोमिंग चार्ज अनुसार लागू किया जाएगा।

**स्टेप1** — SMS के माध्यम से eSIM रिक्वेस्ट शुरू करें

**स्टेप2** — SMS के माध्यम से अपनी सहमति दें

**स्टेप3** — IVR Call पर सहमति दे

**स्टेप4** — QR कोड का उपयोग करके eSIM को कॉन्फ़िगर करें

यदि आप eSIM को मौजूदा डिवाइस से गूगल डिवाइस में ट्रांसफर करना चाहते हैं, तो आपके पास SMS के माध्यम से eSIM रिक्वेस्ट शुरू करने के लिए आपकी एक्टिव eSIM डिवाइस होनी चाहिए।


यदि आपके पास अपनी एक्टिव जियो eSIM डिवाइस नहीं है,
चिंता न करें, आप eSIM सेवाओं को एक्टिव करने के लिए नई गूगल डिवाइस के साथ किसी भी पहचान के प्रमाण के साथ निकटतम जियो स्टोर पर जा सकते हैं

eSIM प्रक्रिया शुरू करने के लिए, कृपया सुनिश्चित करें कि आपके पास


1. एक eSIM कम्पैटिबल डिवाइस है
और
2. आपकी ईमेल आईडी आपके जियो नंबर के साथ रजिस्टर्ड है

# यह जांचने के लिए कि आपकी डिवाइस eSIM के साथ कम्पैटिबल है या नहीं


1. https://www.jio.com/en-in/esim पर जाएँ




2. अपनी डिवाइस का मेक एंड मॉडल चुनें




3. कम्पेटिबिलिटी स्टेटस देखें




अब जब आप जानते हैं, आपकी डिवाइस जियो eSIM के साथ कम्पैटिबल है, तो अगले स्टेप पर चलते हैं


कृपया ध्यान दें कि यदि आपकी डिवाइस कम्पैटिबल नहीं है, तो आप फिज़िकल जियो सिम का उपयोग कर सकते हैं

# आइए देखें कि आपकी ईमेल आईडी आपके जियो नंबर के साथ रजिस्टर्ड है या नहीं


1. मायजियो ऐप खोलें





2. मेनू पर क्लिक करें





3. प्रोफाइल और सेटिंग्स पर टैप करें




4. प्रोफाइल पर टैप करें





5. ईमेल आईडी चेक करें




# यदि ईमेल आईडी रजिस्टर्ड नहीं है या गलत अपडेट की गयी है तो आप अपना सही ईमेल आईडी अपडेट कर सकते है सही ईमेल अपडेट करने के लिए


1. चेंज पर टैप करें





2. सही ईमेल आईडी दर्ज करें




3. नई ईमेल आईडी पर भेजा गया ओटीपी दर्ज करें और सबमिट करें




नई अपडेट की गयी ईमेल आईडी जांचे



चलिए अगले स्टेप पर चलते हैं

पहला स्टेप शुरू करने के लिए, आपके पास eSIM डिवाइस का EID नंबर और IMEI नंबर होना चाहिए, जिस पर आप अपनी जियो eSIM एक्टिव करना चाहते हैं।


हम आपको सुझाव देते हैं कि कृपया EID नंबर और IMEI नंबर लिख लें क्योंकि वे लंबे होते हैं और आपको इन्हे SMS के द्वारा भेजना होगा ।

# अपनी गूगल डिवाइस पर EID नंबर और IMEI नंबर पता करने के लिए

1. सेटिंग्स में जाएं और About Phone पर टैप करें


2. आपको IMEI (SIM Slot2) फील्ड में 15 अंको का नंबर मिलेगा, अब IMEI (SIM Slot 2) पर टैप करें।

3. आपको EID फील्ड में 32 अंकों का EID नंबर मिलेगा, कृपया IMEI (SIM Slot2) और EID नंबर लिखें।










EID और IMEI नंबर लिखने के बाद, eSIM एक्टिवेशन शुरू करते हैं

कृपया ध्यान दें, आपको अपने डिवाइस पर eSIM को एक्टिव करने के लिए सभी स्टेप्स को पूरा करना अनिवार्य होगा। कृपया कोई भी स्टेप न छोड़ें।

और सुनिश्चित करें कि इस प्रक्रिया के दौरान आपकी eSIM गूगल डिवाइस डिवाइस वाई-फाई या मोबाइल हॉटस्पॉट के ज़रिये इंटरनेट से जुडी है।




# स्टेप 1

1. अपने मोबाइल में मैसेज खोले

2. टाइप करें GETESIM <स्पेस><32 अंको का EID><स्पेस> <15 अंको का IMEI> और जिस Jio नंबर को आप eSIM में अपग्रेड करना चाहते हैं, उससे 199 पर SMS भेजें।


यदि आपको अपनी ईमेल आईडी अपडेट करने के लिए जवाब में SMS मिलता है, तो कृपया अपने जिओ नंबर अकाउंट में अपनी ईमेल आईडी अपडेट करें जैसा कि दिशा निर्देशों में शुरुआत में बताया गया है

**यदि आप भारत से बाहर अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में हैं, तो आपको eSIM अनुरोध के लिए 199 के बजाय +917021999199 पर SMS भेजना होगा।**

**अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में +917021999199 पर SMS भेजने के लिए, आपके Jio नंबर पर SMS भेजने और इनकमिंग कॉल सेवाएँ होनी अनिवार्य है ।**

**कृपया ध्यान दे, SMS और इनकमिंग कॉल का शुल्क विजिटिंग देश के रोमिंग चार्ज अनुसार लागू किया जाएगा ।**

## नोटिफिकेशन





- सही EID और IMEI नंबर 199 पर भेजने पर, आपको हमारी तरफ से आपके जियो नंबर पर कन्फर्मेशन नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।


- यदि आपको सही EID और IMEI नंबर भेजने के लिए रिवर्ट SMS या ईमेल मिलता है, तो कृपया अपने द्वारा भेजे गए EID और IMEI को फिर से जांचे और पिछले स्टेप्स के दिशा निर्देशों अनुसार SMS को फिर से भेजें।

# स्टेप 2


SMS 199 पर भेजे




QR कोड ईमेल ओपन करे




एक्टिवेशन कोड SMS




- अपने मोबाइल में मैसेज खोले
- 1 टाइप करें और 199 पर भेजें

**यदि आप भारत से बाहर अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में हैं, तो आपको 199 के बजाय +917021999199 पर SMS भेजना होगा।**


- सही कंसेंट SMS भेजने पर ,आपको आपके मोबाइल पर कन्फर्मेशन SMS के साथ QR कोड और एक्टिवेशन कोड eMail और SMS द्वारा प्राप्त होगा

- कृपया QR कोड या एक्टिवेशन कोड SMS डिलीट ना करे, यह आपके मोबाइल पर eSIM कन्वर्ट करने के लिए अनिवार्य है जिसका उपयोग आपको अंतिम चरणों में करना होगा

अगर आप किसी भी कारण से अपना eSIM रिक्वेस्ट रद्द करना चाहते हैं तो

2 टाइप करें और 199 पर भेजें

# स्टेप 3




1. आपकी सहमति भेजने के 10 मिनट के अंदर, आपको अपने जियो नंबर पर +912235072222 से एक IVR कॉल प्राप्त होगी जिसमें आपके eSIM अनुरोध को प्रोसेस करने के लिए आपकी सहमति के बारे में पूछा जायेगा, आपकी सहमति देने के लिए कृपया IVR पर 1 दर्ज करे।

2. IVR पर आपकी सहमति सफलतापूर्वक देने के बाद, आपको एक कन्फर्मेशन SMS और ईमेल भेजा जाएगा।


यदि आपने IVR कॉल मिस कर दिया है या आपकी सहमति देने से पहले कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया हो, तो चिंता न करें, आप SMS के द्वारा अपने जिओ नंबर से IVR कॉल के लिए रिक्वेस्ट कर सकते है

टाइप RECALL और 199 पर अपने जिओ नंबर से SMS भेजे

यदि आपको कंसेंट SMS भेजने के 10 मिनट के अंदर IVR कॉल नहीं मिलती, तो हमारा सुझाव है कि आप अपनी मिस्ड कॉल सूची की जांच करें क्योंकि ऐसा हो सकता है की आपने कॉल का जवाब यह सोचकर ना दिया हो कि यह एक स्पेम कॉल है । कृपया जांचें की आपने कोई फोन डायलर या किसी थर्ड पार्टी ऐप्स के माध्यम से आपने कॉल ब्लॉकिंग चालू नहीं किया हो ।

IVR कॉल पर सहमति देने के बाद, आपके eSIM अनुरोध को प्रोसेस करने में २ घंटे का समय लगता है, तब तक आपको प्रतीक्षा करनी होगी

कृपया ध्यान दे की इस समय अंतराल में आप अपने Jio नंबर की सभी सेवाओं को अपने मौजूदा सिम पर उपयोग कर पायेंगे




जैसे ही आपको यह SMS मिलेगा, आपकी मौजूदा सिम काम करना बंद कर देगी और आपका फोन 'नो नेटवर्क' दिखाएगा।

अब आप अपनी  नए eSIM को एक्टिव करने से केवल एक कदम दूर हैं।


कृपया सुनिश्चित करें कि इस प्रक्रिया के दौरान आपकी गूगल डिवाइस वाई-फाई या मोबाइल हॉटस्पॉट द्वारा इंटरनेट से जुडी है।

एक्टिवेशन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, आपको एक्टिवेशन कोड का उपयोग करके अपनी गूगल डिवाइस पर eSIM प्रोफ़ाइल को कॉन्फ़िगर करना होगा।


# स्टेप 4 – ऑप्शन 1 QR कोड द्वारा

## eSIM प्रोफाइल को कॉन्फ़िगर करने के लिए


सेटिंग्स में जाएं और Network & Internet चुनें





Mobile Netwok चुनें




'Download eSIM Instead' पर टैप करें





Next पर टैप करें





यहां दिखाए गए चित्र केवल उदहारण के उद्देश्यों के लिए हैं और डिवाइस ऑपरेटिंग सॉफ़्टवेयर के अपडेट के साथ बदल सकते हैं


कृपया कुछ सेकंड प्रतीक्षा करें जब तक आपकी डिवाइस नेटवर्क जानकारी की जांच करती है





स्कैन QR कोड ऑप्शन पर जाये





ओपन रजिस्टर्ड eMail ID इनबॉक्स




[Notification@Jio.com](mailto:Notification@Jio.com) से प्राप्त ईमेल में QR कोड को ओपन करे





QR कोड को मोबाइल डिवाइस से स्कैन करे




The images shown here are for illustrative purposes only and may change with updates to the device operating software


एक्टिवेशन कोड दर्ज करने के बाद, “Activate" पर टैप करें





कृपया प्रतीक्षा करें जब तक eSIM एक्टिवेशन प्रक्रिया में है, इसमें कुछ क्षण लगेंगे




एक्टिवेशन पूरा हो जाने पर, “Done" पर टैप करें




जियो eSIM सफलतापूर्वक एक्टिवेट हो जाने के बाद मोबाइल नेटवर्क के अंदर दिखाई देगा





eSIM प्रोफाइल एक्टिवेशन से सम्बंधित किसी भी सहायता के लिए, कृपया हमें किसी भी जियो नंबर से 199 पर या नॉन जियो नंबर से 18008899999 पर कॉल करें।


# स्टेप 4 – ऑप्शन 2 (एक्टिवेशन कोड द्वारा)

यदि आप किसी कारण से QR कोड स्कैन नहीं कर पा रहे तो नीचे बताये हुए स्टेप्स करे


कृपया कुछ सेकंड प्रतीक्षा करें जब तक आपकी डिवाइस नेटवर्क जानकारी की जांच करती है




एक्टिवेशन कोड दर्ज करने के लिए, “Need Help" पर टैप करें




“Enter it Manually” चुनें




SMS द्वारा प्राप्त हुआ एक्टिवेशन कोड दर्ज करें जैसा कि नीचे दिखाया गया है





Enter in this format

**LPA:1$smdprd.jio.com$ XXXXXXXX-XXXX-XXXX-XXXX-XXXXXXXXXXXX**



यहां दिखाए गए चित्र केवल उदहारण के उद्देश्यों के लिए हैं और डिवाइस ऑपरेटिंग सॉफ़्टवेयर के अपडेट के साथ बदल सकते हैं


एक्टिवेशन कोड दर्ज करने के बाद, “Activate" पर टैप करें





कृपया प्रतीक्षा करें जब तक eSIM एक्टिवेशन प्रक्रिया में है, इसमें कुछ क्षण लगेंगे




एक्टिवेशन पूरा हो जाने पर, “Done" पर टैप करें





जियो eSIM सफलतापूर्वक एक्टिवेट हो जाने के बाद मोबाइल नेटवर्क के अंदर दिखाई देगा




eSIM प्रोफाइल एक्टिवेशन से सम्बंधित किसी भी सहायता के लिए, कृपया हमें किसी भी जियो नंबर से 199 पर या नॉन जियो नंबर से 18008899999 पर कॉल करें।

**कृपया ध्यान दें:**

रेग्युलेटरी गाइडलाइन्स के अनुसार eSIM अपग्रेड के बाद 24 घंटे तक आपके जियो नंबर पर SMS सेवायें उपलब्ध नहीं होंगी




# महत्वपूर्ण जानकारी

कृपया सुनिश्चित करें कि आप कभी भी “Erase SIM" विकल्प ना चुनें क्योंकि यह आपकी डिवाइस से eSIM प्रोफ़ाइल को हमेशा के लिए हटा देगा और आप कोई भी जियो सेवाएं इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

यदि आपने अनजाने में eSIM प्रोफाइल Erase कर दिया है तो कृपया एक नई eSIM रिक्वेस्ट के लिए अपनी गूगल डिवाइस और अपने पहचान के प्रमाण के साथ निकटतम जियो स्टोर पर जाएँ।
हमें खेद है, इस स्थिति में SMS प्रक्रिया का उपयोग करके नए eSIM को एक्टिवेशन करना संभव नहीं होगा।

# धन्यवाद!